वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 11 नवंबर 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

'जनजातीय गौरव दिवस' की घोषणा जनजातीय समाज के समर्पण का सम्मान है: अभाविप

बिरसा मुंडा जी की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने के केंद्र सरकार का निर्णय स्वागतयोग्य: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जनजातीय अस्मिता के नायक भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत करती है।

सर्वविदित है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति समाज का बहुमूल्य योगदान रहा है। सैकड़ों जनजाति क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वाधीनता दिलवाई है साथ ही साथ देश, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिये जनजातीय समाज सदैव अग्रिम पंक्ति में रहा है। ऐसे में जनजातीय समाज की भावनाओं का आदर करते हुए भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का केंद्र सरकार का निर्णय बहुत ही सार्थक तथा सम्पूर्ण जनजातीय समाज के साथ-साथ पूरे देश को गौरवान्वित करने वाला है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि,"हम भारत सरकार के इस निर्णय का अभिनन्दन करते हैं तथा भारत की प्रकृति एवं संस्कृति के रक्षक जनजाति समाज के लिए यह निर्णय सार्थक सिद्ध होगा तथा भारत के गौरवशाली इतिहास को पुनर्स्थापित करेगा।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)